प्रति,

जिला मिशन संचालक (कलेक्टर)
समग्र शिक्षा राजनांदगांव
जिला राजनांदगांव

विषय - छात्र हित में शैक्षिक संकुल समन्वयक पद से सामूहिक इस्तीफा देने विषयक।

द्वारा - विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी वि.खं. राजनांदगांव।

संदर्भ - 01.राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छ.ग. के पत्र क्र. 3672 / समग्र शिक्षा/मॉनिटरिंग / 2025-26 रायपुर दिनांक 17/09/2025

---000---

उपरोक्त संदर्भित विषयांतर्गत क्रमांक 01 के आदेश अनुसार सभी शैक्षिक समन्वयकों को मूल शाला में सप्ताह में 4 दिवस अध्यापन कार्य एवं 02 दिवस शालाओं का अकादमिक समर्थन किया जाना है।

महोदय आपको विदित हो कि संकुल शैक्षिक समन्वयक का पद मूलतः शैक्षिक है गैर शैक्षिक कार्यों में ड्यूटी लगाने से बच्चों के शैक्षिक हित बाधित होता है। आदरणीय मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री द्वारा शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत गुणवत्ता युक्त शिक्षा पर इस वर्ष को फोकस किया गया है।

अतः आदरणीय मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के मंशा एवं शिक्षा के प्रति गंभीरता तथा प्रबंध संचालक राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छ.ग. रायपुर के आदेशानुसार हमें नियमित रूप से शाला में शैक्षिक कार्य करना है। अन्य विभाग के अधिकारियों द्वारा गैर शैक्षिक कार्य कराये जाने के कारण बच्चों के शैक्षिक हित बाधित होता है।

उपरोक्त संदर्भित विषय अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के समस्त संकुल समन्वयक, संकुल समन्वयको के दायित्वों का निर्वहन में विभिन्न विसंगतियों के संदर्भ में संचालक समग्र शिक्षा के आदेशों के परिपेक्ष में शासन का ध्यान आकृष्ट करने निम्नलिखित बिंदुओं पर शासन से समाधान की अपेक्षा के साथ अपने से इस्तीफे प्रस्तुत कर रहे हैं।

क्रमश: 02 पर

1. सभी संकुल समन्वयक अपने विभिन्न दायित्वों का निर्वहन पूरी लगन व निष्ठा के साथ करते आ रहे हैं, लेकिन चार दिवस अध्यापन व दो दिवस शालाओं का अकादमिक समर्थन के लिए आदेशित किया जाने से प्रतिदिन अधिकारियों द्वारा दिए जाने वाले दायित्वों के निर्वहन संभव नहीं हो सकेगा |

2. 4 दिवस अध्यापन कार्य एवं 2 दिवस शालाओं का अकादमिक समर्थन के लिए हम सहमत है लेकिन अध्यापन वाले दिनों में हमसे कोई गैर शिक्षक की कार्य न लिए जाए |

3. किसी भी बैठक या संकुल कार्य के लिए एक दिन पूर्व लिखित आदेश दिए जाएं तथा अवकाश के दिनों में कार्य के बदले अर्जित अवकाश का लाभ दिया जावे |

4. चार दिवस अध्यापन कार्य के दौरान संकुल कार्य, डाक कार्य, ऑनलाइन कार्य एवं एकल शिक्षकीय विद्यालयों के अतिरिक्त जिम्मेदारी से मुक्त रखा जाए |

5. 4 दिवस अध्यापन कार्य एवं 2 दिवस शालाओं का अकादमिक समर्थन कार्यों का संतुलन बनाना न्यायोचित प्रतीत नहीं होता क्योंकि संकुल के अकादमिक गतिविधियों के अलावा

⇨ मतदाता सूची पूर्णवलोकन में सुपरवाइजर ड्यूटी |

⇨ VIP कार्यक्रम में सहभागिता एवं सांस्कृतिक आयोजनों, खेलकूद, पुस्तक वितरण, गणवेश वितरण एवं समायोजन |

⇨ पांचवी आठवीं केंद्रीयकृत परीक्षा के प्रश्न पत्रों का थाने से उठा व कर विभिन्न शालाओं तक वितरण करना |

⇨ पांचवी आठवीं केंद्रीयकृत परीक्षा की मॉनिटरिंग करना |

⇨ विभिन्न प्रकार की पाठ्य सामग्रियां लेखन सामग्रियां खेल सामग्रियां स्वच्छता समग्र आदि का बीआरसी कार्यालय से उठा व एवं संकुल के विभिन्न शालाओं में वितरण करना |

⇨ विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स की भूमिका में कार्य करना |

⇨ संकुल अंतर्गत आने वाली शालाओं का अवलोकन के कार्य स्वयं के व्यय पर करना |

⇨ कार्यालय द्वारा चाही गई विभिन्न प्रकार की जानकारी को एकत्र व एकजई कर कार्यालय तक हार्ड कॉपी पहुंचाना |

⇨ सेवा पुस्तिका संधारण में सहयोग करना |

➪ संकुल स्तर पर शालाओं में आने वाली छोटी-मोटी समस्याओं का समाधान करना ।

➪ विभिन्न प्रकार की ऑनलाइन मीटिंग अटेंड करना ।

➪ विभिन्न कार्यों से संबंधित लगभग 18 से 20 प्रकार के व्हाट्सएप ग्रुप संचालित है जिसमें कार्यालय क्लर्क ABEO जिला मिशन समन्वय एवं अन्य अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन कोई न कोई आदेश प्राप्त होते हैं जिन आदेशों को सूक्ष्मता से अध्ययन करने के पश्चात आदेशों का पालन करवाने की समस्त जिम्मेदारी संकुल समन्वय को द्वारा निभाई जाती है ।

➪ रसोईया प्रशिक्षण, आय जाति निवास संबंधी कार्य , चुनाव आदेश वितरण , उल्लास साक्षरता अभियान ।

➪ खसरा सत्यापन ( गिरदावरी निरीक्षण) का कार्य करना ।

➪ जिला स्तर पर आयोजित होने वाले विभिन्न प्रकार के आयोजन राज्य एवं केंद्र प्रवर्तित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन का 100 प्रतिशत निर्वहन पूरी निष्ठा व लगन से निश्चित समय अवधि में पूरी तत्परता के साथ सफलतापूर्वक करते आ रहे हैं1

अतः बच्चों के शैक्षिक हित को ध्यान में रखते हुए विकासखण्ड राजनांदगांव के समस्त शैक्षिक समन्वयक आज दिनांक 27/09/2025 से संकुल शैक्षिक समन्वयक के दायित्व से सामूहिक रूप से इस्तीफा दे रहे है ।

प्रतिलिपि

1. जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव को सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित ।
2. जिला मिशन समन्वकय समग्र शिक्षा राजनांदगांव को सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित ।
3. विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव को सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित ।
3. खण्ड स्त्रोत समन्वयक विकासखण्ड राजनांदगांव को सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित ।
4. समस्त संकुल नोडल प्रचार्य विकासखण्ड राजनांदगांव को सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

दिनांक 27 / 09 / 2025

समस्त संकुल शैक्षिक समन्वयक
वि.ख. – राजनांदगांव

क्रमशः 03 पर

| क्र. | नाम | संकुल | हस्ताक्षर | क्र. | नाम | संकुल | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रोहित कुमार साहु | अंजोरा | [signature] | 23 | अनिल शर्मा | मुड़ीपार | [signature] |
| 2 | गुफरान सिद्दीकी | बघेरा | [signature] | 24 | विकास साहू | नया ढाबा | [signature] |
| 3 | अशोक साहा | भैंसातरा | [signature] | 25 | नवनीत पाटिल | प्रा.शा.न.2 | [signature] |
| 4 | दीपक कुमार साहु | भरेगांव | [signature] | 26 | सुनील डहरिया | पदुमतरा | [signature] |
| 5 | नवीन महोबिया | भेड़िकला | | 27 | रविन्द्र ठाकुर | पनेका | [signature] |
| 6 | चंद्रशेखर भरने | बोरी | [signature] | 28 | राना अरविंद | परसबोड़ | [signature] |
| 7 | सुनील वर्मा | बोटेपार | | 29 | पंकज यादव | परमालकसा | [signature] |
| 8 | उगेश निषाद | चारभाठा | [signature] | 30 | दिनेश सोनी | पटेवा | |
| 9 | सुभाष साहु | धामनसरा | | 31 | राहुल श्यामकुंवर | रेंगाकठेरा | [signature] |
| 10 | हुमन लाल साहु | धनगांव | [signature] | 32 | अमिताभ सक्सेना | रिवागहन | [signature] |
| 11 | बीरसिंग वर्मा | धौराभाटा | [signature] | 33 | सुनील साहू | सदरबाजार | [signature] |
| 12 | सुरेश जैन | गंजपारा | [signature] | 34 | अवधराम वर्मा | स.दल्ली | [signature] |
| 13 | रमेश साहू | गठुला | [signature] | 35 | दिलीप यादव | सलोनी | |
| 14 | अंकालुराम मैथिल | घुमका | | 36 | कुलदीप देंवागन | सिंघोला | [signature] |
| 15 | प्रदीप कुमार मौर्य | हरदी | | 37 | नरेश दुरूगर | सोमनी | |
| 16 | जितेन्द्र बैस | हरडुवा | | 38 | मनोज निषाद | सुन्दरा | [signature] |
| 17 | मिलन साहू | कैलाशनगर | [signature] | 39 | रौशन बेग मिर्जा | सुरगी | [signature] |
| 18 | अब्दुल शाकीर खान | कन्हारपुरी | [signature] | 40 | कामदेव साहू | टेड़ेसरा | [signature] |
| 19 | सुनील सुषमाकर | खैरा बा. | [signature] | 41 | पोषण वर्मा | तिलई | [signature] |
| 20 | लुकेश कुमार साहू | लखोली ग्राम | [signature] | 42 | सोहनलाल वर्मा | उपरवाह | |
| 21 | सोमदास साहू | मनगटा | [signature] | 43 | जितेन्द्र साहू | डिलापहरी | [signature] |
| 22 | लतमार साहू | मोंहदी | | 44 | लोमश देशमुख | प्रा.शा.न.4 | [signature] |